"त्वरित ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम" के अंतर्गत केन्द्रीय सहायता

1336. **श्री रामजी लाल :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1992-93 के वर्ष के दौरान "त्वरित ग्रामीण जल आपूर्ति कार्यक्रम" के अंतर्गत राज्यों को राज्य-वार कितनी केन्द्रीय सहायता प्रदान की गई है;

(ख) इसमें से पिछड़े वर्गों तथा अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों पर राज्य-वार खर्च की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) 1993-94 के वर्ष के दौरान राज्य-वार कुल कितनी धनराशि आबंटित किए जाने का विचार है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) 1992-93 के दौरान त्वरित ग्रामीण जल सप्लाई कार्यक्रम के अंतर्गत 28-2-1993 तक रिलीज की गई राशि के राज्य-वार ब्यौरे विवरण में दर्शाए गए हैं (नीचे देखिए) ।

(ख) राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों पर खर्च की गई राशि के राज्य-वार ब्यौरे अनुबंध में दिए गए हैं । तथापि, ग्रामीण जल सप्लाई कार्यक्रम के अंतर्गत पिछड़े वर्गों के लिए खर्च की निगरानी करने हेतु कोई अलग वर्गीकरण नहीं है ।

(ग) 1993-94 के लिए राज्यवार आबंटन को अंतिम रूप नहीं दिया गया है ।

विवरण

1992–93 के दौरान अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के लिये निधियों का इस्तेमाल ।

(करोड़ रुपये में)

राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र	रिलीज की गई राशि	निम्नलिखित के लिए खर्च की गई राशि		
		अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	माह जब तक की सूचना प्राप्त हुई है
1	2	3	4	5
आंध्र प्रदेश	25.470	6.19	0.95	11/92
अरूणाचल प्रदेश	4.620	0.00	2.64	12/92
असम	13.775	0.00	0.00	1/93
बिहार	18.474	4.08	4.28	11/92
गोवा	0.516	0.01	0.00	12/92
गुजरात	15.980	0.63	0.00	10/92
हरियाणा	7.195	1.84	0.00	1/93
हिमाचल प्रदेश	10.420	2.02	0.15	11/92

1	2	3	4	5
जम्मू व कश्मीर	29.000	असूचित	असूचित	
कर्नाटक	22.042	2.45	0.05	12/92
केरल	12.170	1.23	0.05	1/93
मध्य प्रदेश	29.021	2.68	3.66	11/92
महाराष्ट्र	22.912	*	*	
मणीपुर	1.540	0.00	0.37	9/92
मेघालय	4.200	0.00	1.09	11/92
मिजोरम	1.290	0.00	0.65	12/92
नागालैंड	2.110	0.00	0.00	6/92
उड़ीसा	14.541	1.81	2.27	12/92
पंजाब	22.430	5.24	0.00	12/92
राजस्थान	41.830	0.97	0.00	11/92
सिक्किम	3.797	0.18	0.73	12/92
तमिलनाडु	21.950	4.03	0.00	12/92
त्रिपुरा	1.750	असूचित	असूचित	11/92
उत्तर प्रदेश	55.050	4.92	0.00	11/92
पश्चिम बंगाल	15.886	1.44	0.55	12/92
अण्डमान व निकोबार द्वीप समूह	0.000	असूचित	असूचित	
दमन व दीव	00.427	0.00	0.00	11/92
लक्षद्वीप	0.000	0.00	0.00	12/92
पांडेचरी	0.134	0.02	0.00	9/92
दिल्ली	0.072	असूचित	असूचित	1/93
चण्डीगढ़	0.000	0.00	0.00	
दादर व नगर हवेली	0.000	0.00	0.00	
योग	398.602	39.74	17.44	

*राज्य सरकार द्वारा अलग से लेखे नहीं रखे जाते हैं।

निधियों की रिलीजों में त्वरित ग्रामीण जल सप्लाई कार्यक्रम (सामान्य) मरूभूमि विकास कार्यक्रम, "जल स्रोत रहित" गांवों तथा अनुसूचित जातियों/जनजातियों हेतु की गई रिलीजें शामिल हैं।